अष्टादश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-24.02.2026 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	**श्री नीतीश मिश्रा, स०वि०स०** श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० श्री प्रमोद कुमार, स०वि०स०	''पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यावरण संरक्षण एवं बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम हेतु ईको-पर्यटन स्थल क्षेत्र का विकास एवं पार्कों के निर्माण के साथ जन सुविधा की योजना पर कार्य कर रहा है जिनमें महर्षि विश्वामित्र पार्क बक्सर, गुप्ताधाम एवं तुतला भवानी, रोहतास, थावे माई, गोपालगंज, मुंडेश्वरी मंदिर एवं करमचट डैम इको टूरिज्म, कैमूर आदि उन्नयन शामिल है । वन प्रमंडल, गयाजी में इको टूरिज्म विशेष रूप से माँ ढूंगेश्वरी, बराबर गुफा और गौतम बुद्ध वन्य जीव अभ्यारण्य में इको कैम्प आकर्षण का केन्द्र है एवं सिंलौज पार्क, कंडी वीथो जैव विविधता पार्क (150 एकड़ उपलब्ध भूमि पर चिडियाघर निर्माण) प्रस्तावित है । गयाजी में हवाई अड्डा के निकट सड़क के दोनों तरफ विष्णुपद मंदिर एवं बोधगया मंदिर के तरफ सड़क पर वृक्षारोपण एवं सौन्दर्यीकरण, पटना में संजय गाँधी जैविक उद्यान के बाद रानीगंज (अररिया) में प्रस्तावित है । पटना, गयाजी, बोधगया एवं नवादा सहित राज्य के अन्य वन प्रमंडलों द्वारा पार्क का निर्माण किया गया है । अत: प्रस्तावित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने, दूसरे जैविक उद्यान निर्माण की प्रगति एवं निर्मित पार्कों का समुचित रख-रखाव एवं संचालन हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।''	**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन**

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	**श्री मिथिलेश तिवारी, स०वि०स०** श्री भरत बिन्द, स०वि०स० श्री विनय कुमार चौधरी, स०वि०स० श्री आलोक कुमार सिंह, स०वि०स० डॉ० सुनील कुमार, स०वि०स० श्री बैधनाथ प्रसाद, स०वि०स० श्री रामसेवक सिंह, स०वि०स० श्री अनिल कुमार, स०वि०स० श्री माधव आनंद स०वि०स०	''सहकारिता विभाग, बिहार सरकार का लक्ष्य समावेशिता, पारदर्शिता और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देकर जमीनी स्तर के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने हेतु विभिन्न प्रकार के फेडरेशन एवं समितियों की स्थापना की गयी है, जैसे Vegetable federation, Marketing federation, मधुमक्खी पालन सहकारी समिति, बुनकर सहकारी समिति आदि। इन फेडरेशन एवं समिति में से अधिकांश की प्रगति काफी धीमी है तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी पीछे है । सारण, दरभंगा, सहरसा एवं मधेपुरा सहित अन्य जिलों में बैंकों की स्थापना नहीं की गई है, जिससे किसानों को असुविधा है । खाद्यान भंडारण योजना के तहत किसानों को गोदाम बनाने, सब्सिडी के तहत कम ब्याज पर ऋण एवं प्रोत्साहन देने का प्रावधान है, जिसकी गति धीमी होने के कारण किसान लाभान्वित नहीं हो रहे हैं । गयाजी जिलान्तर्गत चंदौती प्रखंड के कृषि उत्पादन बाजार के प्रागंण में बिहार राज्य खाद्य भंडार निगम द्वारा स्वीकृत योजना प्रारंभ नहीं की गई है । अतः विभाग द्वारा स्थापित किए गये फेडरेशन एवं समिति, सहकारी बैंक की स्थापना तथा केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा भंडारण बनाने और राज्य के किसानों को लाभ देने हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	**सहकारिता**

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-15/2026- 109 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 फरवरी, 2026 ई०।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

23.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-15/2026- 109 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 फरवरी, 2026 ई०।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

23.2.26
(रविन्द्र पंडित)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-15/2026- 109 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 फरवरी, 2026 ई०।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग/ सहकारिता विभाग** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(रविन्द्र पंडित) 23.2.26
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-15/2026- 109 /वि०स०, पटना, दिनांक-23 फरवरी, 2026 ई०।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 23.2.26
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

राशिनायक
प्रशाखा